# कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक
# समग्र शिक्षा, बिलासपुर (छ.ग.)

समग्र शिक्षा Samagra Shiksha

छत्तीसगढ़ रजत 25 महोत्सव गौरव उत्सव स्वर्णिम संकल्प

E-mail mis.bilasprnew@gmail.com

पत्र क्र./1243/SS/ यूडाइस/2025–26 बिलासपुर, दिनांक 30/01/2026

प्रति,

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं स्त्रोत समन्वयक
बिल्हा ग्रामीण, मस्तूरी एवं तखतपुर
जिला बिलासपुर छ.ग.

विषय :– संकुल शैक्षिक समन्वयक के आगामी माह के वेतन आहरण रोकने के संबंध में।

—00—

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि कलेक्टर महोदय की समीक्षा बैठक दिनांक 28.01.2026 को जिले के समस्त संकुल समन्वयक को अपने अधीनस्थ संकुलों के विद्यालयों में अपार आईडी निर्माण कार्य हेतु निर्देशित किया गया था। इस कार्यालय से प्रतिदिवस इस कार्यालय से विद्यालयवार, संकुलवार एवं विकासखण्डवार अपार आईडी निर्माण का प्रोग्रेस का रिपोर्ट प्रदान किया जा रहा था।

किन्तु अत्यंत खेद का विषय है कि बार–बार निर्देश के बाद भी संकुल शैक्षिक समन्वयक, संकुल कन्या चकरभाठा, धौराभाठा, कन्या बिल्हा, मटियारी, महमंद, बालक सीपत, जयरामनगर, चनाडोंगरी, गनियारी के द्वारा विगत दो दिवस में विद्यार्थियों के अपार आई.डी. निर्माण कार्य नही किया गया है। जो कि उच्च अधिकारीयों के निर्देशों के विपरीत है एवं कार्य के प्रति अरूचि प्रदर्शित करता है।

अतः संबंधित संकुल के शैक्षिक समन्वयकों के आगामी माह के वेतन आहरण अपार आईडी निर्माण के लक्ष्य प्राप्त होने तक न किया जावें एवं वेतन आहरण के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता से अनुमति प्राप्त करना सुनिश्चित करें एवं अपने विकासखण्ड अंतर्गत शालाओं में अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)

civilindia.in

पृष्ठ क्र./1244/SS/ यूडाइस/2025–26 बिलासपुर, दिनांक 30/01/2026

**प्रतिलिपिः–**

1. **आयुक्त, समग्र शिक्षा, राज्य परियोजना कार्यालय, रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।**
2. **कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक, समग्र शिक्षा, बिलासपुर को सादर सूचनार्थ।**
3. **मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना संचालक, समग्र शिक्षा बिलासपुर को सादर सूचनार्थ।**
4. **संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर को सादर सूचनार्थ।**
5. **जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा, बिलासपुर को सूचनार्थ।**

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)